VIDYA SHREE ACADEMY

SR. SEC. SCHOOL

An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce

W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828

Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015

/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Little Steps' — Pre Primary wing of VSA

Class 9 Subject: hindi. Topic: पाठ -2(विशेषण)

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए–

(i) श्रेष्ठ पुरुषों का सभी सम्मान करते हैं।

(ii) चार घोड़े मैदान में चर रहे हैं।

(iii) थोड़ा सा दूध देने का कष्ट करें।

(iv) मोर सुन्दर पक्षी है।

(v) हमारी गाड़ी बहुत तेज चलती है।

(vi) उसकी कोमल काया मन मोह लेती है।

(vii) लाल फल पौष्टिक होते हैं।

(viii) आपके घुँघराले बालों का क्या कहना।

उत्तर– (i) श्रेष्ठ, (ii) चार, (iii) थोड़ा, (iv) सुन्दर, (v) हमारी (vi) कोमल, (vii) लाल, (viii) घुँघराले।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण छाँटकर उनके भेद बताइए–

अच्छा समय, चमकता तारा, पाँच सौ ग्राम चीनी, ऊँची चोटी, कुछ लड़के, बहुत भीड़, पचास छात्र, दोनों मित्र, वे गाएँ, प्रत्येक यात्री, कोई आदमी, कितने प्रश्न, थोड़ी बहुत शर्म, विद्वान लोग, विदुषी-लेखिका।

उत्तर–

शब्द	विशेषण	भेद
अच्छा समय	अच्छा	गुणवाचक
चमकता तारा	चमकता	गुणवाचक
पाँच सौ ग्राम चीनी	पाँच सौ ग्राम	निश्चित परिमाणवाचक
ऊँची चोटी	ऊँची	गुणवाचक
कुछ लड़के	कुछ	अनिश्चित संख्यावाचक
बहुत भीड़	बहुत	अनिश्चित संख्यावाचक
पचास छात्र	पचास	निश्चित संख्यावाचक
दोनों मित्र	दोनों	निश्चित संख्यावाचक
वे गाएँ	वे	निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
प्रत्येक यात्री	प्रत्येक	निश्चित संख्यावाचक
कोई आदमी	कोई	अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
कितने प्रश्न	कितने	प्रश्नवाचक सार्वनामिक विशेषण
थोड़ी बहुत शर्म	थोड़ी बहुत	अनिश्चित परिमाणवाचक
विद्वान लोग	विद्वान	गुणवाचक विशेषण
विदुषी लेखिका	विदुषी	गुणवाचक विशेषण

प्रश्न 3. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए–

पुराण, इतिहास, नगर, गाँव, गुजरात, बीमारी, केन्द्र, पुस्तक, घर, गान, सरकार, धन, पुरुष, कुल, क्षेत्र, यह, वह, देव तथा मरण।

उत्तर–

संज्ञा शब्द	विशेषण शब्द	संज्ञा शब्द	विशेषण शब्द
पुराण	पौराणिक	इतिहास	ऐतिहासिक
नगर	नागरिक	गाँव	गँवार
गुजरात	गुजराती	बीमारी	बीमार
केन्द्र	केन्द्रीय	पुस्तक	पुस्तकीय
घर	घरेलू	गान	गेय
सरकार	सरकारी	धन	धनिक/धनवान
पुरुष	पौरुष	कुल	कुलीन
क्षेत्र	क्षेत्रीय	बरेली	बरेलवी
यह	ऐसा	वह	वैसा
देव	देवीय	मरण	मरणशील

Scanned with CamScanner

मरणशील

प्रश्न 4. निम्नलिखित विशेषण शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

सभ्य,	ग्रामीण	दानी	सुडौल	आकर्षक
पूज्यनीय	श्रद्धालु	कुछ	जो	एक दर्जन
कौन-सी	मेरी	बालक की	भूगोल की	चाँद सी
नेपाली	जैविक	सुशील	अनमोल	रचित

Scanned with CamScanner

उत्तर—(1) सभ्य—सभ्य व्यक्ति का व्यवहार अनुकरणीय होता है।

(2) ग्रामीण—ग्रामीण उद्योगों का विकास बहुत आवश्यक है।

(3) दानी—कर्ण महान दानी पुरुष थे।

(4) सुडौल—यह गाय बड़ी सुडौल है।

(5) आकर्षक—शकुंतला का आकर्षक रूप देखकर राजा दुष्यन्त मुग्ध हो गए।

(6) पूज्य—हर पुत्र के लिए माता-पिता पूज्यनीय हैं।

(7) श्रद्धालु—ब्रजभूमि में लाखों श्रद्धालु नर-नारी प्रत्येक वर्ष आते हैं।

(8) कुछ—कुछ लोग सभा में बाधा डालना चाहते हैं।

(9) जो—जो पुस्तक मैंने दी है, उसे सम्भाल कर रखना।

(10) एक दर्जन—एक दर्जन केले लेते आना।

(11) कौन-सी—कौन-सी नारी सावित्री की बराबरी कर सकती है?

(12) मेरी—मेरी नानी गाँव में रहती हैं।

(13) बालक की—बालक की माता बहुत चिन्तित है।

(14) भूगोल की—बच्चो! भूगोल की पुस्तक निकालो।

(15) चाँद सी—चाँद सी बच्ची किसका मन नहीं मोह लेगी।

(16) नेपाली—नेपाली गोरखे आमतौर पर ईमानदार होते हैं।

(17) जैविक—जैविक विवाह सामाजिक ही नहीं अपितु जैविक अनिवार्यता है।

(18) सुशील—हर कोई सुशील मनुष्य नहीं होता।

(19) अनमोल—जब यह अनमोल है तो इसका क्या मोल लूँ।

(20) रचित—स्व-रचित कविता सुनाइए।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 5. पाँच विशेषण शब्द लिखिए और उनके भेद बताइए।

उत्तर–

विशेषण शब्द	भेद
(1) अद्भुत स्वप्न	गुणवाचक विशेषण
(2) भड़कीले वस्त्र	गुणवाचक विशेषण
(3) अपढ़ स्त्रियाँ	गुणवाचक विशेषण
(4) यह मशाल	सार्वनामिक विशेषण
(5) आखिरी चट्टान	क्रमवाचक संख्याबोधक विशेषण

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों के रिक्तस्थानों की उपयुक्त विशेषण शब्दों से पूर्ति करें–

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने एक .... स्वप्न देखा।

(2) रमजान के पूरे .... रोजों के बाद ईद आई है।

(3) हामिद के पास कुल .... पैसे हैं।

(4) सीता का संदेश .... नहीं तो क्या मीठा है।

(5) स्वतन्त्रता का संग्राम एक .... सफर है।

(6) .... किरणों ने पीली रेत को एक नया-सा रूप दे दिया था।

(7) उस बालिका की चाल .... थी।

Scanned with CamScanner